उद्योग बंधु की बैठक में दी गई जानकारी, निर्माण के लिए जमीन चिह्नित की जा चुकी

# अमौसी में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स बनेगा, चार तल पर 24 उद्योग लगेंगे

**प्रस्ताव**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्टरी का कॉम्पलेक्स प्रस्तावित किया गया है। शुक्रवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई जिलास्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक में उद्योग विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई। इसका कुल क्षेत्रफल 9419.67 वर्ग मीटर है।

उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) ने इसे प्रस्तावित किया है। इसके पूर्व आगरा में ऐसा ही कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। इसमें भूतल के अलावा कुल चार तल होंगे। प्रत्येक तल पर 700 वर्गमीटर का स्थान एक लघु उद्योग को दिया जाएगा। चार तलों पर 24 उद्योग लग सकेंगे। साथ ही भूतल कॉमर्शियल गतिविधि जैसे रेस्त्रां, कैंटीन, आईटी या ट्रेडिंग के लिए दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट में आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में बताया गया कि उद्यमियों को इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुविधा प्रदान की जाएगी। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के महासचिव रजत मेहरा ने बताया कि उद्यमियों से उनकी राय जानी जा रही है। पूछा जा रहा है कि कैसी इकाई लगाना चाहेंगे, उद्यमियों की आवश्यकताएं क्या हैं। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर आने वाले आवेदनों के निस्तारण नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी ऑन बोर्ड वेरिफिकेशन से करेंगे। एक जिला एक उत्पाद योजना से जुड़े हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने के संबंध में भी चर्चा हुई।




कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, अन्य अफसर व उद्यमी।

## निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की गई

1 बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा भी की गई। जल्द ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में धरातल पर उतर रहे उद्योगों को शामिल किया जाना है। ऐसे में बैठक के दौरान डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर आए आवेदनों का बिना देरी निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## पीडब्ल्यूडी ने नहीं किया चिह्नांकन, डीएम नाराज

2 तालकटोरा रोड पर अतिक्रमण के संबंध में पिछली बैठक के दौरान डीएम ने पीडब्ल्यूडी को चिह्नांकन के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद विभाग ने चिह्नांकन नहीं किया। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई। सीमांकन करने का निर्देश भी दिया।

## गोयला में सड़क निर्माण पूरा करने का निर्देश

3 गोयला औद्योगिक क्षेत्र देवा रोड पर पीडब्ल्यूडी से स्वीकृत परियोजना में करीब 800 मीटर कम सड़क बनी है। डीएम ने सड़क निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। चिनहट, मटियारी, देवा रोड पर अतिक्रमण अभियान के बाद उद्यमियों ने राहत महसूस की।